हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 28 मार्च 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

EXPERT COACHING CLASSES
NEET / IIT-JEE INSTITUTE
NEET CRASH Course - 22/03/2024
ECC EXPERT COACHING CLASSES
NEET Crash Course Start from 22nd March 2024
PET Crash Course Start from 22nd March 2024
PAT Crash Course Start from 22nd March 2024
Bal Bharti Public School Campus, Baldev Bagh, Rajnandgaon Cont. - 76111-66661 / 96448-96441

स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
B.ed Regular | M.ed | D.ed | B.ed Distance
नोट : स्वामी विवेकानन्द विश्वविद्यालय सागर से डिस्टेंस, बी.एड, डी.एड. का प्रवेश प्रारंभ है, जो भी शासकीय तथा अशासकीय शिक्षक डिस्टेंस से जॉब में रहकर बी.एड., डी.एड. करना चाहते है उनके प्रवेश का सुनहरा अवसर
ज्ञानदीप एकेडमी
पुराना बस स्टैण्ड के पास अम्बिकापुर, तहसील के पास अनूपपुर (म.प्र.)
8839281593, 9174881569

## तापमान में वृद्धि

**राजनांदगांव।** मौसम में उलटफेर के चलते तापमान में वृद्धि देखी जा रही है। हालांकि पिछले तीन-चार दिनों पहले हुई बारिश से मौसम में ठंडकता आई थी। अचानक मौसम साफ होने के बाद दोपहर को तेज धूप के चलते जहां लोगों को छांव की तलाश करते देखा गया। वहीं दूसरी ओर देर रात तक भभकती गर्मी का वातावरण निर्मित है। जिससे राहत पाने लोग पंखा, कूलर का इस्तेमाल करना शुरू कर दिए हैं।

# जमकर उड़े रंग-गुलाल, दो दिन चला होली का जश्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व के दौरान अंचल में हर्षोल्लास का माहौल रहा। होलिका दहन के बाद से ही लोग एक-दूसरे पर रंग-गुलाल व अबीर खेलकर पर्व का आनंद उठाते रहे। शहर में पारंपरिक रूप से निकलने वाली भगवान राधा-कृष्ण की भव्य शोभायात्रा भजन-कीर्तन के बीच निकली। जिसमें भक्तों ने केसरिया, लाल रंग में भगवान के साथ होली खेली। साथ ही एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी।

रंगोत्सव पर खुशियां बिखरी रही। बच्चों से लेकर सभी वर्ग के लोग इस पर्व को उत्साह के साथ मनाने में व्यस्त रहे। होलिका दहन के बाद से ही रंग-गुलाल का वातावरण निर्मित हो गया था। रंगोत्सव के दिन सुबह से लोग रंग-गुलाल लेकर घरों से निकले और अपने परिचितों व रिश्तेदार के साथ रंग-गुलाल खेलकर पर्व का आनंद उठाया। बच्चों से लेकर युवाओं की टोली पिचकारियां, रंग-गुलाल लेकर सुबह से देर शाम तक घूमते रहे। नगाडे फाग का भी दौर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहा।

### शांति व्यवस्था रही कायम

होली पर्व पर पुलिस अलर्ट रही। हालांकि पुलिस होलिका दहन के दिन से ही चौक-चौराहों एवं गश्त में थी। पुलिस की लगातार गश्त एवं सतर्कता के चलते किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हो पाई। जिले में कुछेक स्थानों पर मारपीट की घटनाओं को छोड़ शांति व्यवस्था कायम रही। पर्व के तीसरे दिन भी होली का खुमार देखा गया। अधिकांश व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। होली मिलन का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में होली पर्व का उत्साह देखते ही बनता था।

### केसरिया रंग से खेली होली

शहर में श्री सत्यनारायण मंदिर से रंगोत्सव पर भगवान श्रीराधा-कृष्ण की प्रतिमा को भव्य रथ में विराजित किया गया। इस दौरान झांकी का निर्माण भी किया गया था। बड़ी संख्या में भक्त मंदिर के पास एकत्र हुए, जहां से भजन-कीर्तन के बीच शोभायात्रा ने शहर भ्रमण किया। इस दौरान भक्तों ने भगवान राधा-कृष्ण को केसरिया-लाल रंग लगाकर पर्व का आनंद उठाया। वहीं एक-दूसरे पर केसरिया-लाल रंग लगाकर पर्व को उत्साह के साथ मनाया।

### पुलिस परिवार ने भी खेली होली

पुलिस परिवार ने भी होली पर्व बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। अधिकारियों से लेकर जवान तक एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई देते रहे। जनसामान्य भी उनके साथ होली खेलकर पर्व के उत्साह को दोगुना कर दिया।

प्रत्याशी सहित पांच को ही मिलेगा प्रवेश, 25 हजार रुपए जमानत राशि


# आज से नामांकन, 4 अप्रैल तक समय एक प्रत्याशी जमा कर सकेगा 4 फार्म!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शामिल राजनांदगांव सीट के लिए आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। प्रदेश की सबसे चर्चित सीट बन चुकी राजनांदगांव में नामांकन का दौर भी रोचक रहने वाला है। भाजपा से लेकर कांग्रेस भी नामांकन के दौरान शक्ति प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। प्रत्याशियों को आज से लेकर चार अप्रैल तक का समय नामांकन दाखिल करने के लिए मिलेगा। नामांकन दाखिल करने के दौरान उनके साथ पांच व्यक्ति ही जा सकेंगे। सामान्य अभ्यर्थियों को 25 हजार एवं एससी-एसटी वर्ग के उम्मीदवारों को नामांकन के लिए साढ़े 12 हजार रुपए की राशि जमा करनी होगी।

इधर नामांकन प्रक्रिया के शुरू होने से पहले जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। नामांकन दाखिल करने के लिए जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर परिसर के कक्ष क्रमांक 2 का चयन किया गया है। यहां प्रत्याशी 28 मार्च से 4 अप्रैल के मध्य सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच नामांकन दाखिल कर सकेंगे। हालांकि लोक अवकाश के दिन नामांकन प्रक्रिया बंद रहेगी। प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करने से पहले एक अलग बैंक खाता भी खुलवाना होगा। जिसकी जानकारी नामांकन फार्म में अनिवार्य रूप से देने कहा गया है।





### पांडे 1 और भूपेश 2 को भरेंगे नामांकन

भाजपा और कांग्रेस दोनों ही नामांकन दाखिले के दिन शक्ति प्रदर्शन की तैयारी कर रहें हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे आगामी एक अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। इस दिन किसी केंद्रीय नेता का रोड-शो या फिर जनसभा भी आयोजित की जा सकती है। इसके अलावा कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल आगामी 2 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। कांग्रेस भी इस दिन रोड-शो की तैयारी कर रही है।

### सभा-रैली के लिए अनुमति

लोकसभा चुनाव को लेकर बीते 16 मार्च से ही आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों को अपनी सभा, रैली से लेकर कार्यालय खोलने एवं वाहनों के लिए भी सक्षम अधिकारी से अनुमति लेना होगा।

### खर्च की लिमिट बढ़ाई गई

लोकसभा के पिछले चुनाव में प्रत्याशियों को 70 लाख रुपए खर्च करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन इस बार लिमिट में इजाफा कर दिया गया है। अब प्रत्याशी अपने चुनाव के दौरान अधिकतम 95 लाख रुपए की राशि खर्च कर सकते हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान भी खर्च की लिमिट 28 लाख से बढ़ाकर 40 लाख रुपए की गई थी।

### 8 अप्रैल तक नाम वापसी का समय

दूसरे चरण में शामिल राजनांदगांव के लिए 28 मार्च से 4 अप्रैल के बीच नामांकन दाखिल किया जाएगा। 5 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, 8 अप्रैल तक नाम वापसी का समय दिया जाएगा। इस प्रक्रिया के बाद ही चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जाएगा। 26 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र में मतदान होगा व चार जून को परिणाम सामने आएंगे।

### 2019 चुनाव में 14 प्रत्याशी थे मैदान में

पांच साल पहले हुए लोकसभा आमचुनाव 2019 में राजनांदगांव लोकसभा सीट से कुल 14 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। इनमें भाजपा और कांग्रेस के बाद नोटा को सबसे अधिक वोट मिले थे। वहीं 12 प्रत्याशी अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए थे। उस दौरान बसपा, शिवसेना, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, आरपीआई सहित अम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया भी मैदान में थी। वहीं पांच प्रत्याशी निर्दलीय रूप से चुनावी मैदान में उतरे थे।

### दो की बची जमानत

लोकसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने के लिए सामान्य उम्मीदवारों को 25 हजार रुपए की रकम जमा करनी होगी। जबकि एसटी एवं एससी वर्ग के प्रत्याशियों के लिए यह राशि 12500 रुपए तय की गई है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक अगर चुनाव में किसी उम्मीदवार को कुल पड़े वोटों का 1/6 फीसदी हासिल नहीं होता है तो उस उम्मीदवार की जमानत जब्त हो जाती है। पिछले चुनाव में सिर्फ भाजपा और कांग्रेस ने ही अपनी जमानत बचाई थी, शेष सभी उम्मीदवारों की जमानत राशि जब्त हो गई थी।

# होली की रात अधेड़ की हत्या सड़क किनारे पड़ी मिली लाश

## अन्य घटना में कोहका पहाड़ी के पास मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व का उत्साह उस समय मातम में बदल गया, जब गांव के अधेड़ व्यक्ति की हत्या कर दी गई। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। इधर एक अन्य घटना में कोहका क्षेत्र के पहाड़ी के पास एक युवक का शव मिला, जिसे दफना दिया गया था। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोपेनवागांव में 26 मार्च की सुबह गांव के निवासी शेषनारायण वर्मा का शव खून से लथपथ देखा गया। जिससे गांव में सनसनी फैल गई। वहीं होली पर्व का उत्साह मातम में बदल गया है। इस मामले में प्रार्थी चंद्रप्रकाश वर्मा ने मोहारा पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 25 मार्च को शाम लगभग साढे 7 बजे उसका बड़ा भाई शेषनारायण वर्मा घर से मामा को छोड़ने के लिए गांव बस्ती गया हुआ था, जो वापस नहीं आया।



### जमीन में दफन मिला युवा का शव

इधर तुमडीबोड पुलिस चौकी में एक युवक की हत्या कर दफनाए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ग्राम कोहका ढाबा पहाड़ी के पास एक युवक के शव को दफनाकर रखा गया था। इस घटना को लगभग डेढ़-दो माह पूर्व की बताई जा रही है। जिसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। शव को निकलवाकर उसकी शिनाख्ति का प्रयास किया गया। मृतक की शिनाख्ति डोकेश्वर साहू 35 वर्ष निवासी आरी-कोनारी के रूप में की गई। बताया गया कि उक्त युवक अपने जीजा के यहां ग्राम ढाबा में रहता था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। उक्त क्षेत्र में युवक को दफनाए जाने से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है।

### सुबह गांव के गली में मृत मिला

सुबह गांव की महिला ने बताया कि शेषनारायण गांव के बीच रास्ते के किनारे जहां कूड़ा-करकट डालते हैं, वहां मरा पड़ा है। उसके गला-कान के पास व हाथ में धारदार हथियार से अज्ञात आरोपी ने हमला कर उसकी हत्या कर दी है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की एवं इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है।

प्रशासन से शिकायत के बाद शाम को पोस्टमार्टम

# पोस्टमार्टम के लिए भटकते परिजन, दो दिन बाद भी शव लेकर चक्कर काटने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी निवासी एक युवक द्वारा आत्महत्या के बाद उसका पोस्टमार्टम नहीं हो पा रहा है। परिजन मृतक का शव लेकर बीते दो दिनों से पोस्टमार्टम के लिए भटक रहे हैं, लेकिन अस्पताल प्रबंधन के नियमों के चलते पोस्टमार्टम नहीं हो पा रहा है। इस मामले में प्रशासन से भी अस्पताल प्रबंधन की शिकायत की गई है। मिली जानकारी के अनुसार शहर से कुछ किमी दूरी पर स्थित सोमनी निवासी अमजद तेलासी द्वारा बीते 25 मार्च की रात को जहर सेवन कर लिया गया था। युवक को जहर सेवन के बाद उपचार के लिए परिजनों द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां उसे उपचार के दौरान ही मृत घोषित कर दिया गया। 26 मार्च की अलसुबह मृत घोषित किए जाने से ही उसके परिजन पोस्टमार्टम के लिए भटक रहे हैं। परिजनों के मुताबिक पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल ने उनके इलाके में सोमनी नहीं आने के कारण पोस्टमार्टम से मना कर दिया। जिसके बाद परिजन बसंतपुर स्थित जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां भी प्रबंधन ने पोस्टमार्टम के लिए मना कर दिया। परिजनों ने बताया कि करीब दो दिनों से पोस्टमार्टम के लिए दो अस्पतालो के बीच चक्कर लगाने मजबूर होना पड़ रहा है।

### एक हजार रुपए की मांग

परिजनों ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में कुछ कर्मियों ने पोस्टमार्टम के लिए एक हजार रुपए की मांग भी की। कर्मियों ने साफतौर पर कहा कि जब तक राशि नहीं मिलेगी, तब तक वे पोस्टमार्टम नहीं करेंगे। परिजनों ने प्रशासन से भी शिकायत की है।

### अवकाश के दिन कोमा में अस्पताल

सरकारी अवकाश के दिन मेडिकल कॉलेज कोमा में चला जाता है। हालात यह है कि रविवार के दिन यहां न तो डॉक्टर मिलते हैं और न ही नर्सिंग स्टाफ। अस्पताल में सक्रिय रैकेट द्वारा मरीजों को रिफर कराए जाने की भी लगातार शिकायतें सामने आ रही है, इसके बाद भी प्रबंधन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

समदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
डॉ. बी.सी. जैन MBBS, MS Surgery
डॉ. रोमिल जैन MBBS, MS Gastrosurgery (पेट, आंत, हरनिया, लिवर आदि का इलाज उपलब्ध)
डॉ. निखर जैन (MBBS, MS Surgery, Mch Urology) (मूत्र रोग विशेषज्ञ, पथरी आदि का इलाज उपलब्ध)
उपलब्ध सुविधाएँ....
★ हड्डी रोग ★ फ्रेक्चर इलाज
★ स्त्री रोग ★ डिलीवरी
★ पेट-आंत संबंधित ★ पथरी
★ लिवर ★ किडनी ★ स्किन
★ चमड़ी रोग ★ डेंटल ★ दाँत-मसूड़े
★ मेडिसिन ★ न्यूरोसर्जरी ★ सोनोग्राफी
★ एक्स-रे सुविधा उपलब्ध है...
- अपॉईटमेंट हेतु संपर्क करें -
आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज
7744356654, 8103256538
स्टेडियम रोड, बसंतपुर चौक, राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
● सिर दर्द (माईग्रेन)
● मिर्गी
● लकवा
● ब्रेन ट्यूमर
● ब्रेन हेमरेज
● साइटिका (कमर दर्द)
हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
● एंजियोग्राफी
● एंजियोप्लास्टी
● पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88219-24365

## खबर संक्षेप

### उपयोगी सामानों का वितरण



**छुईखदान।** आईटीबीपी बकरकट्टा के जवानों ने गत दिनों ग्राम बगारझोला में सेनानी अंनत नारायण दत्ता के मार्गदर्शन में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम द्वितीय कमान तरूण कुमार बंजारी, संतोष कुमार सिंह, निरीक्षक अजय कुजुर, चौभर संरपच गणेश धुर्वे, अमर लाल सहित अन्य जवानों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। शिविर में जरूरतमंद ग्रामीणों को सिलाई मशीन, पानी टंकी, वाटर फिल्टर, खुरपी, गैती, फावड़ा आदि दिया गया। नशामुक्ति अभियान के तहत ग्रामीणों को नशा से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया।

### विद्यार्थियों ने किया स्लीपर फेक्ट्री का भ्रमण

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के



कंप्यूटर तथा वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने स्लीपर फैक्ट्री का भ्रमण किया। वाणिज्य विभाग के प्रमुख गोपाल कृष्ण यादव, बेदप्रकश साहू एवं कंप्यूटर विभाग की तूलिका चक्रवर्ती के निर्देशन में शैक्षिक भ्रमण में 40 विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यार्थियों ने वहां कार्यप्रणाली का देखा।

### खुज्जी स्कूल में न्यौता भोज

**खुज्जी।** स्थानीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य तीरथ राम देवांगन के नेतृत्व में छात्रा पूर्वा राजपूत के जन्मदिन के अवसर पर उसके दादा ओमकार सिंह राजपूत ने न्यौता भोज का आयोजन किया। इस मौके पर बच्चों को मोतीचूर का लड्डू, खीर, पूड़ी, पापड़ खिलाया गया।

इस अवसर पर देवानंद साहू, ज्योतिष राम यादव, किरण हिरवानी, डी. मानकर, पुष्पा पटेल, केसिनी साहू, करुणा देवांगन, विशाखा ठाकुर, बाल्का मिश्रा, किस साहू, रमशीला ठाकुर, कुमारीबाई, पूजा मिश्रा, अक्षय कुमार आदि उपस्थित थे।





### शहर और गांवों में उल्लास के साथ मनाया गया रंगों का पर्व

# होली में बजे नगाड़े, थिरके लोग, बिखरे रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रंगो के त्यौहार होली की खुमारी दूसरे और तीसरे दिन भी शहर में देखने मिली। सोमवार को रंगोत्सव के बाद मंगलवार और बुधवार को भी शहर के कई वार्डो और ग्रामीण क्षेत्रों में भी रंगोत्सव का माहौल देखने मिला। रविवार को होलिका दहन के बाद सोमवार की प्रातः से शुरू रंगोत्सव को लेकर नेताओ और धार्मिक, सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को घूम-घूमकर होली की बधाई दी।

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, चंद्रप्रकाश मिश्रा, प्रकाश बिंदल, महेन्द्र अग्रवाल, रामकृष्ण कन्नौजे, बबलू शांडिल्य, योगेश अग्रवाल, राजू छाजेड, शरद अग्रवाल, गोपाल मानिकपुरी, डॉ. पन्नालाल बाफना, दखने बाबू, प्रदीप शर्मा, नरेश रामटेके, गोपाल दम्माणी, सिद्धगोपाल नरेडी, शैलेष बक्शी, अशोक साहू, हेमंत बाघमारे, गणेश साहू आदि ने हरिभूमि कार्यालय पहुंचकर होली मिलन समारोह में हिस्सा लिया।



### पुलिस की रही नजर

रंगो का त्यौहार होली पूरे क्षेत्र में शांति और भाईचारा के साथ मनाया गया। छुटपुट वाद विवाद के बीच शांति बनी रही। थाना प्रभारी सीआर चंद्रा ने बताया कि दो दिन के इस त्यौहार में बुधवारी में एक हल्का लडाई झगडा और आबकारी एक्ट के मामले बनाये गए है।

### दफ्तरों में सन्नाटा

रंगोत्सव के बाद मंगलवार और बुधवार को शासकीय कार्यालयों में होली की खुमारी देखने मिला। शहर के अधिकांश शासकीय कार्यालयों से अधिकारी व कर्मचारी नदारद रहे। कई कार्यालयों के तो ताले भी नहीं खुले।

### शिशु मंदिर में होली उत्सव

सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से होली महोत्सव मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में अतिथि ज्योति बड़वाइक और सुधा श्रीवास्तव थी। अतिथियों ने होली उत्सव के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य प्रकाश यादव ने फाग गीत गाया। इसी प्रकार नारद सिन्हा, जागेश्वर निषाद, वीर सिंह यादव, धर्मेन्द्र गोमास्ता, सुरेश दास वैष्णव, थैलेश साहू, बोधन भारद्वाज, डिकेश साहू ने भी फाग गीत प्रस्तुत किया। सभी स्वयंसेवकों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर समरसता का परिचय दिया। इस दौरान गीत एवं डांस प्रतियोगिता आदि संपन्न हुई।

### नगाड़ा बजाने को लेकर विवाद

**घुमका।** अंचल में होली पर्व उल्लास और धूमधाम से मनाया गया । बच्चों, युवाओं ने पूर्णिमा को होलिका दहन किया। दूसरे दिन रंगो का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल से लगाया। चारभाठा में डीजे बजाने को लेकर विवाद हो गया था। दोनों पक्षों के लोगों को चोट आई है। पुलिस ने अपराध क्रायम कर आरोपी अमृत बंजारे, शिवचरण बंजारे, संतोष, रोशन क्रो धारा 307, 294, 323, 324, 34 के तहत आरोपी बनाया है। दूसरे पक्ष क्रे लोगों को भी चोट आई जिसकी जानकारी ली जा रही है।

## स्पर्धा में गूंजे फाग गीत, थिरके ग्रामीण

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में जय मां शीतला फाग समिति एवं ग्राम वासियों के सहयोग से दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 37 मंडलियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शीतला की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान सरपंच मिथलेश कुमार साहू, जेआर साहू, एमएस राजपूत, विरेन्द्र हिरवानी, रविलाल वर्मा, पुन्नीदेवी, राम साहू, नैनचंद देवांगन, कमल नारायण साहू, नरेंद्र वर्मा, किरन, विनोद बारले ,कमल बिदानी उपस्थित थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डोमार दास साहू थे। इस मौके पर योगेश साहू, नीलकंठ साहू, ईश्वरी वर्मा, एलएल साहू, नरेंद्र चतुर्वेदी, प्रमोद दुबे, फागु लहरे उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के झांकी वर्ग में प्रथम श्री दाईं के दुलरवा फाग मंडली पटपर, द्वितीय जय अम्बे फाग मंडली मुढ़िया मोहारा, तृतीय जय छातागढ़ फाग मंडली मोहलाई, चतुर्थ नव दुर्गा फाग मंडली नरबदा, पंचम जय चैतु बाबा फाग मंडली पुरैना रही। रचना वर्ग में प्रथम जय मां अम्बे पूरन जस एवं फाग परिवार पोटिया, द्वितीय राधे के दिवाना फाग मंडली काचरी, तृतीय नवापहर जस जगराता परिवार खपरीकला , चतुर्थ जय मां शीतला फाग समिति छोटे पुरदा, पंचम झन भूलो मां बाप ला फाग मंडली मनकी रही। इस मौके पर योगेश साहू, भुपेंद्र देवांगन, चंद्रकांत देवांगन, नारायण, ललित ढीमर, रेखा वर्मा, ज्ञानेश्वर निर्मलकर, हरिराम साहू, राजेन्द्र देवांगन, तुषार देवांगन, दीलिप ढीमर, चिंतामणी साहू, सेवक साहू, भानु वर्मा, मुकेश ढीमर, द्वारिका निर्मलकर मौजूद थे। संचालन रामदिल वर्मा, रोहित निर्मलकर, ललित यदु ने किया। निर्णायक हिरदे साहू, कोमल वर्मा, सुखी साहू, बहुर सिंग साहू थे।



### राधा कृष्ण की निकाली शोभायात्रा

ग्राम में प्रेम स्नेह और भाईचारे का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम के अनेक स्थानों पर पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया गया। रंगोत्सव के दिन प्रातः भजन मंडली ने नगाड़े की थाप और फोग गीत के साथ राधाकृष्ण की शोभायात्रा निकाला। भ्रमण के दौरान लोगों ने आरती उतारकर पूजा अर्चना किया। चौक चौराहों पर नगाड़े की थाप के साथ बच्चे बुढ़े जवान एक दुसरे पर रंग डालते नजर आए। महिलाओं ने भी होली खेलने में कोई कसर नहीं छोड़ा।

### बच्चों ने खेली होली

प्राथमिक शाला रेंगाकठेरा में 26 मार्च को रंगोत्सव शिक्षकों एवं बच्चों ने धूमधाम से मनाया। बच्चों एवं शिक्षकों ने एक दुसरे को गुलाल लगाकर बधाइयां दी। बच्चे ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर मला लिया।

# फरवरी की शक्कर नहीं मिली उपभोक्ताओं को

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ब्लॉक की 112 राशन दुकानों में शक्कर व मिट्टी तेल वितरित नहीं किया गया जिससे हितग्राहियों में खासी नाराजगी देखने मिल रही है। हितग्राही दुकान संचालको पर शक्कर व मिट्टी तेल हड़प कर बेच देने का आरोप लगा रहे हैं। उपभोक्ताओ ने बताया कि दुकानदारों ने पहले मिट्टी तेल गायब किया और अब फरवरी माह की शक्कर गायब कर दिया है।

जानकारी के अनुसार जनवरी माह में शक्कर दिया गया था। फरवरी माह में ब्लाक के 112 दुकानों से शक्कर वितरित नहीं किया गया। दुकान संचालको ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि ब्लॉक की 112 दुकानों में लगभग 5000 हजार क्विटल शक्कर आबंटित करने का आश्वाशन दिया गया था परंतु शक्कर की खेप नहीं आने के कारण केवल चावल का वितरण किया गया। वहीं हितग्राही मार्च महीने के राशन के साथ फरवरी माह का शक्कर की मांग करते हुए शक्कर हड़पने का आरोप लगाते रहे।



### नहीं पहुंची शक्कर

खाद्य निरीक्षक सिद्धांत मिश्रा ने बताया कि शक्कर कारखाना मालिको से रेट को लेकर सामंजस्य नहीं बन पाया जिसके कारण कवर्धा से शक्कर राशन दुकानों तक नहीं पहुंची। इस मामले में मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है।

# अवैध प्लाटों की बेरोकटोक बिक्री

### खेतों में कर रहे अवैध प्लाटिंग, अधिकारियों का ध्यान नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शासन द्वारा 5 डिसमिल से छोटे प्लॉट रजिस्ट्री पर लगी रोक हटाने के बाद अवैध प्लॉटिंग के मामलों में जबरदस्त तेजी देखी जा रही है। विधानसभा चुनाव के बाद से दो से तीन गुना रजिस्ट्री हो रही है। ज्यादातर रजिस्ट्री अवैध प्लाटों की हो रही है। चुनावी साल में अवैध प्लॉटिंग के मामले बढ़ने पर प्रशासन व्यस्तता का हवाला देते हुए चुप्पी साधे हुए है। शहर से लगे अछोली के एक किसान ने बताया कि उसके वार्ड में अवैध प्लॉटिंग का खेल जोरों से चल रहा है। पदयात्री मार्ग में दर्शनार्थियों के सुविधा के लिए पंचायत के माध्यम से खसरा नंबर 255/4 के सामने सरकारी जमीन पर शौचालय बनाया गया था। जिसके आसपास की जमीन सरकारी है, जिसे भू-माफिया ने अपना बताकर सौदा कर लिया है। अवैध प्लाटिंग और सौदा होने के बाद भी न तो कोई शिकायत कर रहा और न ही प्रशासन रोकने की कोशिश कर रहा है।

### गांवों में सक्रिय भू माफिया

अवैध प्लॉटिंग का खेल शहर से लगी पंचायतों में चल रहा है। अछोली स्थित बेलगांव जाने वाले पदयात्री मार्ग, अछोली कलकसा मार्ग, बेलगांव पलांदूर रोड में भी अवैध प्लॉटिंग किया जा रहा है। इसी प्रकार चंद्रगिरी, प्रज्ञागिरी मार्ग के साथ छिरपानी वाले एरिया में भी अवैध प्लॉटिंग किया जा रहा है। भू माफिया इन क्षेत्रों में कृषि भूमि को खरीदने के बाद प्लॉटिंग कर बेच रहे हैं।

### रोक लगाया गया

तहसीलदार मुकेश ठाकुर ने बताया कि अवैध प्लॉटिंग शिकायत मिलने के बाद एसडीएम ने उप पंजीयक को पत्र प्रेषित कर अवैध प्लॉट की रजिस्ट्री पर रोक लगा दिया जाएगा। आने वाले समय में प्रशासन की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वेतन भुगतान अटका कचरा कलेक्शन बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी रूर्बन ग्राम योजना में ब्लाक की 14 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इन पंचायतों में रोजाना डोर टू डोर कचरा कलेकशन नहीं हो रहा है। वजह यह है कि महिला सफाई मित्रों को वेतन का भुगतान नहीं होने पर पंचायत ने हाथ खड़े कर दिए है। कचरा कलेक्शन सेंटर में काम करने वाली महिला भी काम करना बंद कर दिया है। रूर्बन योजना के तहत बने सभी मणिकंचन केंद्रों में ताला लटक गया है। काम बंद होने से महिलाएं बेरोजगार हो गई हैं।

### 300 महिलाएं बेरोजगार

जानकारी के अनुसार रूर्बन योजना के तहत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की जिम्मेदारी महिला समूह को दी गई थी। उन्हे हर माह मानदेय का भुगतान कचरे से निकलने वाले कबाड़ को बेचकर किया जा जाता था। कचरा कलेक्शन होने से महिलाओं को अब मजदूरी करना पड़ रहा है। 14 पंचायतों की लगभग 300 महिला रोजगार मिला था जो अब छिन गया है। मुरमुंदा कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायत मुरमुंदा, राका, हरनसिंगी, नागतराई, जामरी, खल्लारी, मेढा, पिपरिया, पिनकापार, पटपर, मुड़पार के कम्पोस्ट शेड बंद हो गए हैं।

# संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर मंथन, किताब का विमोचन

**गंडई पंडरिया।** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल ने 21 से 23 मार्च तक 48 वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया। अंतिम दिवस छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ पीसी लाल यादव ने फाग का लोक रंग विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारतीय जीवन और संस्कृति में जो सर्वाधिक आभामय और विविध रंगी है, वह लोक ही है। लोक का प्रभाव ही है जो उसे अपनी माटी, प्रकृति और संस्कृति से जोड़े रखता है। तत्पश्चात अशोक कुमार तिवारी पूर्व क्यूरेटर मानव संग्राहालय ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक चित्रांकन शैलियों पर एक शब्दचित्र विषय पर स्लाइड शो के माध्यम से अनुष्ठानिक और लोक विश्वास के महत्व, धर्म से संबंधित चित्रकारी एवं बस्तर की मुरिया जनजाति के चित्र की जानकारी दी। माड़ियि चित्रकारी, राजवर चित्रांकन, उराँव चित्रकला, निषाद राज भाट चित्र, सवनाही, आठे कन्हैया, जगार चित्र, चौक, हाँथा, गोदना चित्रकला, नगमत आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। राकेश तिवारी ने लोक वाद्यों पर शोध पत्र पढ़ा। ददरिया में लोकतत्व के बारे में बीआर साहू ने कहा कि लोकगीतों के जन्म का श्रेय श्रम को है। संगोष्ठी में डॉ. जीएल रायकवार ने सरगुजा के कठोरी पर्व और कृषि संस्कृति पर प्रकाश डाला। डॉ.सोमनाथ यादव ने यदुवंशियों के गीत, नृत्य व गाथा को रेखांकित किया। इस ण आयोजन में डॉ. यादव की पुस्तक छत्तीसगढ़ी कथा लोक का विमोचन अतिथियों ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय मानव संग्राहालय समिति के सदस्य विजय शंकर सहाय ने बस्तर के धातु शिल्प पर विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल के निदेशक अमिताभ पांडे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा पर गहन शोध की जरूरत है। इस अवसर पर डॉ. यादव एवं श्री साहू ने निदेशक मानव संग्राहालय को छत्तीसगढ़ पर लिखी गई पुस्तकों का एक सेट भेंट में दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशोक वर्धन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अशोक शर्मा ने किया।



## मतदान केंद्रों में सभी व्यवस्था करने के निर्देश

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने लोकसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों में आवश्यक मुलभुत व्यवस्था करने के संबंध में प्रशासन एवं पुलिस विभाग के सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सेक्टर वार मतदान केंद्रों में मूलभूत व्यवस्था के संबंध में आवश्यक चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से उनके द्वारा मतदान केंद्रों में जाकर मुआयना कर छाया, पेयजल, शौचालय, रनिंग वाटर, शैड की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों में मूलभूत व्यवस्था में कमी हो वहां शीघ्र दुरुस्त कराएं। इस संबंध में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को मतदान केंद्रों में व्यवस्था में कमी के आधार पर मतदान दिवस के पूर्व सभी व्यवस्था सुनिश्चित कर लेने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस विभाग के सेक्टर अधिकारियों से कहा गया है कि कानून व्यवस्था में कमी को ध्यान में रखते हुए जरूरी व्यवस्था कराया जाए। किसी भी दशा में कहीं पर भी कानून संबंधी कोई अव्यवस्था निर्मित ना हो, इस पर विशेष ध्यान रखने कहा गया है। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाटले, डॉ.हेमेन्द्र भुआर्य सहित अन्य उपस्थित थे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## सार समाचार

### निर्वाचन प्रशिक्षण का निरीक्षण



**राजनांदगांव।** पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दलों का निर्वाचन प्रशिक्षण 27 मार्च को प्रारंभ हो गया। पूरे दिन का प्रशिक्षण सत्र तैयारी के साथ आयोजित किया जा रहा है। इनका आयोजन राजनांदगांव शहर स्थित चार स्कूलों गुरुनानक स्कूल, महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल, ठाकुर प्यारेलाल स्कूल और सर्वेश्वरदास स्कूल में किया जा रहा है। चुनाव टीमों का पहला प्रशिक्षण 27 से 28 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया और प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा कर उनको प्रोत्साहित भी किया। चर्चा के दौरन कलेक्टर ने मतदान टीमों से कहा कि अगर हम अनुशासन और कायदे-कानून का अध्ययन कर मतदान करवाते हैं तो मतदान की प्रकृति सरल हो जाती है, इसलिए हमें हमेशा अनुशासन से चुनाव कराना चाहिए। प्रशिक्षण निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण नोडल सुरूचि सिंह, लोकसभा क्षेत्र के एआरओ, राजनांदगांव जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त मास्टर ट्रेनर, जोनल अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### चौक चौराहों में किया मतदान के लिए जागरूक



**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में संचालित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला स्तरीय स्वीप टीम द्वारा चौक-चौराहों एवं बस स्टैंड, ऑटो स्टैंड में पहुंचकर यात्रा कर रहे यात्रियों के मतदान जागरूकता हेतु आयोजन किए गए एवं आगामी 26 अप्रैल को मतदान अवश्य करें, का संदेश दिया गया। इस आयोजन में वाहन चालक, परिचालक, हेल्पर, क्लीनर एवं यात्रियों ने एक साथ मिलकर लोगों को मतदान हेतु आह्वान किया।

### विदाई समारोह का आयोजन




**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक शाला रूवातला कक्षा 5वीं तथा 8वीं के बच्चों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा 5वीं की गीतांजली ने बेटी के महत्व को गीत के माध्यम बताया गया। सातवीं के बच्चों द्वारा अपने अग्रज आठवीं के बच्चों का गेम खिलाया गया तथा बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते अच्छे से पढ़ाई करने कहा। संस्था के प्रधान पाठक एलके वर्मा तथा बंदिश नेमपांडे ने विदाई के संबंध में बच्चों को बताया तथा राजेश कुमार साव ने शिक्षक द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने से जीवन में सफलता प्राप्त होती है। कार्यक्रम का संचालन राजेश पंचभाई ने किया। इस दौरान संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षा दास, नीतू वर्मा, लोकमती वर्मा आदि उपस्थित थे।

### नाम निर्देशन पत्र लिए जाएंगे आज से

# कलेक्टर ने राजनीतिक दल व स्टैंडिग कमेटी की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में गत दिनों कलेक्टारेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनीतिक दल एवं स्टैंडिग कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों के लिए आम निर्वाचन की घोषणा कर दी गई है। जिसके तहत राजनांदगांव जिला अंतर्गत आने वाले संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए आम निर्वाचन कार्यक्रम घोषित किया गया है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव की सीट अनारक्षित है। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत अधिसूचना का प्रकाशन 28 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे होगा।

नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल अपरान्ह 3 बजे तक है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल पूर्वान्ह 11 बजे से होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 8 अप्रैल अपरान्ह 3 बजे तक है। मतदान 26 अप्रैल को होगी। पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी में मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक एवं मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना मंगलवार 4 जून को सुबह 8 बजे से होगी। 6 जून के पूर्व निर्वाचन संपन्न होगा।




#### 6 जून तक प्रभावशील रहेगी आचार संहिता

कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के सम्पूर्ण क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील कर दी गई है। आदर्श आचरण संहिता का प्रभाव 6 जून तक रहेगा। प्रचार-प्रसार हेतु धार्मिक स्थलों का उपयोग नहीं किया जाएगा। शासकीय व सार्वजनिक स्थलों का उपयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति से किया जा सकेगा। धारा 144 सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र में प्रभावशील है। बिना अनुमति के कोई निजी, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक अथवा राजनीतिक कार्यक्रम जिसमें 5 से अधिक व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना हो, नहीं हो सकेंगे। छूट प्राप्त व्यक्ति अथवा संस्था को छोड़कर अन्य कोई भी अस्त्र-शस्त्र लेकर नहीं चलेगें। ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अधीन सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति से ही किया जाएगा। राजनीतिक दल अथवा अभ्यर्थी प्रचार-प्रसार हेतु अस्थाई कार्यालय खोलने, वाहनों का उपयोग करने, सभा, रैली इत्यादि करने सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त करेंगे।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा तथा स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## गोबर कंडे, घी, कपूर, हवन सामग्री से हुआ वैदिक होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव के मार्गदर्शन में शिव मंदिर बंगालीचाल बसंतपुर एवं मां पंचगव्य गौशाला ग्राम लिटिया में वैदिक होलिका दहन का आयोजन किया गया। वैदिक होलिका दहन का आयोजन वैदिक परंपराओं के आधार पर किया गया। जिसमें गोवर कंडे, घी, कपूर, हवन सामग्री सहित अन्य पूजन सामग्री का उपयोग किया गया।

संस्थान के सदस्य गव्यसिद्ध डिलेश्वर साहू ने बताया कि होली का त्यौहार सदियों और गर्मियों के मौसम के बीच में आता है। इस दौरान वायरस की संख्या बहुत अधिक होती है, जब होलिका दहन वैदिक परंपरा से मनाई जाती है, तो वातावरण में वायरस को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि होलिका दहन में अज्ञानतावश लोगों द्वारा हरे-भरे वृक्ष, टायर, ट्यूब, प्लास्टिक अन्य का उपयोग किया जाता है, जो अनुचित है। वैदिक होलिका दहन में गोवर कंडे का शत-प्रतिशत उपयोग किया जाता है। जिससे वातावरण शुद्ध होता है, बीमारियों से बचाव के साथ गौमाता का संवर्धन एवं वृक्षों की रक्षा भी होती है।

## भूपेश बघेल को जीताने डोंगरगांव विस में महिला कांग्रेस ने लिया संकल्प : रूबीना



**राजनांदगांव।** आज मोहनपुर, चारभाटा एवं डोंगरगांव में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव एवं डोंगरगांव विधानसभा की महिला कांग्रेस प्रभारी डॉ. रूबीना अंजुम अल्वी के नेतृत्व में मीटिंग आयोजित की गई थी। जिसमें महिलाओं के साथ-साथ स्थानीय कांग्रेसियों की विशेष उपस्थिति रही।

ग्राम चारभांटा, मोहनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भवन डोंगरगांव में विधायक दलेश्वर साहू, महापौर हेमा देशमुख, जिला महिला कांग्रेस कमेटी रामछत्री चंद्रवंशी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव की महिला कांग्रेस अध्यक्ष संध्या साहू के नेतृत्व में आवश्यक बैठक रखी गई थी। इस अवसर पर डॉ. रूबीना अल्वी ने कहा कि केन्द्र में कांग्रेस सरकार बनने पर महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए, किसानों का कर्जा माफ, फसल का वाजिब दाम, लाखों युवा बेरोजगार को सरकारी नौकरी, शिक्षा व चिकित्सा क्षेत्र में रियायत व प्राथमिकता पर उपलब्ध कराई जाएगी। सभी कार्यकर्ता तत्काल वाल पेंटिंग, वोटर लिस्ट का निरीक्षण आदि कार्य शीघ्र पूरा कर लें। प्रत्येक घर में अनिवार्य रूप से कांग्रेस का झंडा लगाने व पड़ोसियों को मतदान में भाग लेने की अपील आवश्यक रूप से करें।


बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेतन साहू, श्रुति शुक्ला, प्रवक्ता प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ डॉ. नरेन्द्र साहू, वैशाली बोरकर, अरूणा देवांगन, पदमा देवांगन, शिरोमणि पगारे, भारती चक्रधारी, बेबी खान, विष्णु सोनी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पुलिस की होली...



**राजनांदगांव।** कई सालों बाद पुलिस लाईन में होली का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस परिवार द्वारा जमकर होली खेली गई। इस दौरान आईजी दीपक झा एवं एसपी मोहित गर्ग सहित अधिकारी मौजूद थे।

## जिलाध्यक्ष के पास मेरे निलंबन का अधिकार नहीं, प्राईवेट कंपनी बन गई है कांग्रेस : सुरेन्द्र



**राजनांदगांव।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने कार्यकर्ता सम्मेलन के मंच से कांग्रेस पार्टी को लेकर भड़ास निकालने के मामले में जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेन्द्र दास वैष्णव को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। इधर निष्कासन की कार्रवाई पर श्री वैष्णव का कहना है कि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के पास मुझे निष्कासित करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस एक प्राईवेट लिमिटेड कंपनी बन गई है।

श्री वैष्णव ने हरिभूमि से बातचीत करते कहा कि वे पीसीसी मेम्बर हैं और नियम के अनुसार उन्हें निलंबित करने का अधिकार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और महामंत्री के पास है। उन्होंने कहा कि एक नेता के इशारे पर जिलाध्यक्ष ने नियम विरूद्ध ढंग से उन्हें निष्कासित किया है। उन्होंने आरोप लगाते कहा कि प्रदेश में कांग्रेस अब एक प्राईवेट कंपनी बन गई है। कब किसे हटाना है, सब यह कंपनी ही तय कर लेती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता

#### भाजपा में जाने का विचार नहीं

जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष श्री वैष्णव ने कहा कि निष्कासन के बाद वे अपने भविष्य की रणनीति लोगों से बातचीत करने के बाद तय करेंगे, लेकिन फिलहाल उनका भाजपा में जाने का कोई विचार नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से उन्हें किसी तरह का कोई आफर भी नहीं मिला है।

#### सवाल पूछने वाले स्लीपर सेल?

श्री वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस से सवाल पूछने वाले कार्यकर्ताओं को पूर्व सीएम भूपेश बघेल लगातार स्लीपर सेल कह रहे हैं, जो ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी के अंदर सवाल पूछना हर कार्यकर्ता का अधिकार है और इस तरह का बयान देना शीर्ष नेताओं को शोभा नहीं देता।

सम्मेलन में उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल से सवाल पूछे थे। एक कार्यकर्ता के नाते उनका यह हक था। सवाल का जवाब देने के बजाय उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि वे लगातार सवाल पूछते रहेंगे।

### मशीनों के प्रथम चरण का रेंडोमाइजेशन

**मोहला।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगाव के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के लिए मतदान दिवस पर उपयोग में आने वाले ईव्हीएम एवं वीवीपैड मशीनों के प्रथम चरण का रेंडोमाइजेशन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गये सॉफ्टवेयर के माध्यम से तीन बार रेंडोमाइजेशन कर अंतिम रूप दिया गया। विधानसभा मोहला मानपुर के अंतर्गत 237 मतदान केंद्रों के लिए 284 बैलेट यूनिट, 284 कंट्रोल यूनिट एवं 308 वीवी पैड का रेंडोमाइजेशन किया गया। रेंडोमाइजेशन के उपरांत राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों एवं अभ्यर्थियों को इसकी हार्डकॉपी उपलब्ध कराया गया है। रेंडोमाइजेशन हो जाने के उपरांत मतदान दिवस पर उपयोग में आने वाले ईव्हीएम एवं वीवीपैड मशीन वेयरहॉउस माडिंगपिडिंग से रिटर्निंग ऑफिसर के नियंत्रण एवं निगरानी में रखा जाएगा।

### परमानंद ने किया कांग्रेस प्रवेश




**राजनांदगांव।** बहुजन समाज पार्टी विधानसभा उपाध्यक्ष परमानंद वर्मा ने गत दिनों बसपा छोड़ कांग्रेस में प्रवेश कर भूपेश बघेल से मिलकर गदगद हुए। परमानंद वर्मा का अंजुम अल्वी ने कांग्रेस प्रवेश करवाया और लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव शहर से ग्रामीण क्षेत्र तक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लोकसभा क्षेत्र में सांसद बनाकर लाना है।
















निर्वाचन के कार्यों का गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें- जनमेजय महोबे

# कलेक्टर ने मतदान दलों के प्रथम प्रशिक्षण का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया और विधानसभा क्षेत्र 72 कवर्धा के लिए मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कवर्धा में मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने मतदान दलों के प्रथम प्रशिक्षण कार्यो का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य है, इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य करें। मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसे सावधानी पूर्वक समझते हुए ग्रहण करें। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों से कहा कि वीवीपैट, ईव्हीएम, कंट्रोल यूनिट का प्रयोग करके दिखाएं।

इसके साथ ही मॉकटेस्ट भी करें। जनमेजय महोबे ने मतदान दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारी को उनके कार्यो एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने कार्यों का सफलतापूर्वक संपादन करने के लिए पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा।

उन्होंने निर्वाचन कार्य को अति आवश्यक एवं विशेष प्राथमिकता वाला कार्य बताते हुए त्रुटी रहित ढंग से अपने कार्य को संपादन करने कहा। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने वीवीपैड, कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट संचालन संबंधित प्रशिक्षण दी गई।

जिसमें ईवीएम की पूरी प्राक्रिया से अवगत कराया गया। मॉकपोल करने के पश्चात ईव्हीएम संचालन की पूरी जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से दिया गया।

### दो पालियों में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण



लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया और विधानसभा क्षेत्र 72 कवर्धा के लिए मतदान दल के गठन के पूर्व सभी विभाग के कर्मचारियों का प्रशिक्षण 27 मार्च से 01 अप्रैल 2024 तक दो पालियों में सुबह 10 बजे से 01 बजे एवं दोपहर 02 बजे से 05 बजे तक दिया जा रहा है। इन प्रशिक्षणों में 04 हजार 978 कर्मचारियों को 24 मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसी प्रकार मतदान अधिकारी एवं महिला अधिकारियों को भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अवलोकन के दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, तहसीलदार उपेन्द्र किंडो नायब तहसीलदार हुलेश्वर पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू, सहायक संचालक एमके गुप्ता उपस्थित थें।

# राजनांदगांव लोकसभा सीट से एक नहीं तीन मुख्यमंत्री का रहा ऐतिहासिक नाता

- अब 2024 में आगामी सांसद का इंतजार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर



राजनांदगांव लोकसभा सीट काफी लम्बे समय से ऐतिहासिक सीट में शामिल रही है इस सीट में एक नहीं तीन मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक नाता रहा है, अविभाजित मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री रह चुके कांग्रेस की दिग्गज नेता मोतीलाल बोरा ने इस सीट से 1998 और 1999 में लोकसभा चुनाव लड़ा जिसमें 1998 में उन्हें जीत मिली थी ऐसे ही 1999 में मोतीलाल बोरा को हराने वाली डॉ रमन सिंह भी मुख्यमंत्री की गद्दी तक पहुंचे और 2003 से 2008 के मध्य तक 15 साल तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे अब 5 साल तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल भी इस सीट से चुनावी मैदान में उतर आए हैं जानकारी के अनुसार राजनांदगांव लोकसभा सीट एक नहीं तीन मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक नाता रहा है। वही 5 साल रह चुके सांसद संतोष पाण्डेय ने पुनः राजनांदगांव लोकसभा सीट को बरकरार रखने के लिए मैदान पर भी उतर आए हैं। राजनांदगांव लोकसभा सीट से अब तक रह चुके हैं

ऐतिहासिक सांसद राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के पहले सांसद 1957 में कांग्रेस के राजा बहादुर सिंह रहे 1962 में भी इन्हें ही जीत मिली 1967 में कांग्रेस प्रत्याशी रही पद्मावती देवी 1971 में कांग्रेस प्रत्याशी रहे राम सहाय पांडे 1977 में जनता पार्टी के प्रत्याशी मदन तिवारी 1980 और 1984 में कांग्रेस के शिवेंद्र बहादुर सिंह 1989 में भाजपा प्रत्याशी धर्मपाल सिंह गुप्ता 1991 में कांग्रेस के शिवेंद्र बहादुर सिंह 1996 में भाजपा के अशोक शर्मा 1998 में कांग्रेस की मोतीलाल बोरा 1999 में भाजपा के डॉ रमन सिंह 2004 में भाजपा के प्रदीप गांधी 2007 के उप चुनाव में कांग्रेस के देवव्रत सिंह 2009 में भाजपा के मधुसूदन यादव 2014 में भाजपा के अभिषेक सिंह और 2019 में भाजपा के संतोष पाण्डेय वर्तमान सांसद है अब लोकतंत्र में आगामी सांसद 2024 का सब को सांसद का इंतजार हैं।

# विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिला जेल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर ज़िला जेल कबीरधाम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत टीबी स्क्रीनिंग, बीपी, शुगर, नेत्र जाँच, चश्मा वितरण आदि स्वास्थ्य संबंधी 216 बंदियों को लाभ दिया गया। वही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉबीएल राज ने जिलेवासियो से आह्वान किया कि इस बीमारी को न छिपाएं तथा जल्दी से जल्दी नजदीकी स्वास्थ्य केंद में इसका उपचार करवाएं। उन्होंने टीबी रोग संबंधित विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान शिवगोपाल, राजेन्द्र कुमार बंजारे, जेल अधीक्षक आनंद दास महंत, डीपीसी निलेश टांडेकर, पीपीएम शशिकांत शर्मा, नितिन सोनी एसएसए एवं स्वास्थ्य विभाग सहित कर्मचारी उपस्थित थें।

# छत्तीसगढ़ के लिए 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में किया गया अधिसूचित

संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौडो ने बैठक लेकर अधिसूचित अनिवार्य सेवाओं के संबंध में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौडो ने अधिकारियों की बैठक लेकर लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत अधिसूचित अनिवार्य सेवाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किए जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौडो ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनिवार्य सेवाओं के रूप में 10 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, ऐसे मीडियाकर्मी जिन्हें प्राधिकार पत्र जारी हुआ है, रेल परिवहन, बीएसएनएल, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भारतीय खाद्य निगम को अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित किया गया है। अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से ऐसे कर्मचारी जो शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान की तिथि को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते हैं, केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12 घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के 5 दिनों के भीतर संबंधित नोडल अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौडो ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन तीन चरणों में होगा। प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना 20 मार्च 2024 एवं प्रारूप 12 घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च 2024 है। द्वितीय चरण में राजनांदगांव, कांकेर एवं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना 28 मार्च 2024 एवं प्रारूप 12 घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल 2024 है। तृतीय चरण में सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना 12 अप्रैल एवं प्रारूप 12 घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2024 है। प्रारूप 12घ में आवेदन के दौरान संबंधित कर्मचारी का मोबाईल नंबर, वोटर आईडी नंबर एवं निर्वाचक नामावली की भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही दर्ज करना अनिवार्य है। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी का अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाईन एप्प का उपयोग किया जा सकता है। जिसमें वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है। प्रारूप 12घ के भाग 1 के साथ-साथ जिला स्तर पर नियुक्त विभाग के नोडल अधिकारी द्वारा इस आवेदन को भाग 2 में सत्यापित किया जाएगा। आवेदन के साथ कर्मचारी का वोटर आईडी कार्ड का छायाप्रति भी संलग्न करना होगा। नियत तिथि तक प्राप्त होने वाले सभी पात्र आवेदनों के आधार पर जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित कर इनका डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान, मतदान दिवस के पूर्व ही करवाया जाएगा।

# कोलेगांव में धूमधाम से मना होली का त्यौहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में धूमधाम से होली का त्यौहार शांति स्वभाव से मनाया गया होली का त्यौहार में कई दिनों से तैयारी शुरू कर देती है गांव के लोग होली खेलने की तैयारी रंग गुलाल से पूरा भारत सराबोर रंग गुलाल से पूरा भारत देश में होली की धूम रंगों से रंगों में सराबोर होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, होली प्रेम का होली एकता का होली एक दूसरे को रंग लगाकर होली मनाया गया।

प्रेम का संदेश दिया गया भाईचारे का संदेश दिया गया। होली का त्यौहार रंगीला कहीं रंग गुलाल लगाकर होली मनाया गया तो कहीं पर नगाड़े का धुन से डांस करते हुए होली मनाया गया एक दूसरे को रंग लगाकर होली मनाया गया। होली में सभी के साथ एक साथ मिलकर होली का रंग लगाकर एक दूसरे के साथ गल मिलकर बुराई को त्याग कर अच्छाई का संदेश दिया गया एवं समाज में सुख शांति का स्वभाव पिचकारी का बौछार के साथ बड़ी धूमधाम से होली मनाया गया।

# प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में मनाया गया होली महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में बड़ी धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा होली पर्व मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने एक दूसरे को जमकर रंग लगाकर होली मनाया और सभी शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया। जिसमें प्राथमिक शाला प्रधान पाठक एलवीना विलसन संकुल समन्वयक राम सिंह साहू पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक अशोक पांडे, शिक्षक कपूर राम चंद्रवशी, कौशल खान्डे, युगल किशोर साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## भानपूर में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई होली का पर्व



**हरिभूमि पिपरिया।** शास पूर्व माध्यमिक विद्यालय भानपूर संकुल कोयलारी विख कवर्धा में रंगोत्सव-बसंतोत्सव का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया है। बच्चो ने जमकर होली का पर्व मनाने हुए एक -दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाईयाँ दिये। इस अवसर पर प्रधानपाठक नंद कुमार शर्मा ने बताया कि होली पर्व सबसे प्राचीन महत्वपूर्ण पौराणिक-धार्मिक, सामाजिक महत्त्व का लोकप्रिय त्यौहार है, जिसे रंगोत्सव, बसंतोत्सव, फगुआ, धुलेडी आदि नामो से जाना जाता है, इस दिन एक दूसरे को रंग, अबीर- गुलाल लगाते हुये ढोल- नगाड़े की धुन में फाग-गीत गाये जाते हैं चारो तरफ खुशी आनंद छायी रहती है, घरो में पकवान बनाये जाते है तथा यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है, उक्त अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक नंद कुमार शर्मा शिक्षक परमानंद धुर्वे, सन्तोष कुमार साहू सहित विद्यार्थी उपस्थित थें।

## कुण्डा में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं राम कथा का आमंत्रण देने गांव-गांव पहुंचे ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बड़े हर्षोल्लास के साथ यज्ञ नारायण की कृपा से 5 वर्षो के पश्चात इस वर्ष भी ग्राम पंचायत कुंडा में दिनांक 31 मार्च से 8 अप्रैल तक लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं संगीतमयी राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें अनंत विभूषित जगत गुरु श्री108 श्री रामानंदचार्य, धीरेन्द्रचार्य महाराज श्री हनुमंतद्वार पीठाधीश्वर चित्रकूट धाम उत्तर प्रदेश एवं यज्ञा चार्य, पंडित बालकृष्ण शर्मा ज्योतिष्चार्य कर्मकाण्ड भास्कर साथ में स्वामी लवनील महराजी परमहंस आश्रमधारकुंडी शाखा अमरकंटक मध्य प्रदेश, मंच संचालक पंडित नीलभद्र शर्मा विशेष सहयोग श्री हरि मन्दिर राधे रानी बाल समिति, बांबे डेरा, बोलबम समिति बजरंग दल समिति, महिला मंडली समिति एवं शिव शक्ति मानस एवं अयोजन समिति संरक्षक ग्राम पंचायत कुंडा, कुंडा थाना प्रभारी, तहसील ऑफिस कुंडा, बिजली ऑफिस कुंडा एवं उप स्वास्थ्य केंद्र कुंडा इस प्रकार सभी संत समागम एवं श्रद्धा एल के कार्यक्रमों के द्वारा पांचवा वर्ष लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं राम कथा का पदार्पण धर्म नगरी कुंडा में होने जा रहा है, इसमें समस्त ग्रामवासी क्षेत्रवासी जिलावासी एवं प्रदेशवासियों को इस गर्म में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री राम कथा में अपने जीवन को पितार्थ बनाने के लिए सम्मिलित होकर हमें सेवा का अवसर प्रदान करें। इस प्रकार से आयोजन समिति प्रभात श्री मंडली एवं समर्थ ग्रामवासी क्षेत्रवासी कुंडा तत्वाधान में यह आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी श्रद्धालुओं को आने की अपील की गई है।

### भावना बोहरा से भेंट मुलाकात कर सादर आमंत्रित किया

इस आयोजन में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित भी किया जा रहा है जिसमें पंडरिया विधानसभा के विधायिका श्रीमती भावना बोहरा से भेंट मुलाकात कर सादर आमंत्रित किया गया एवं इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थिति के लिए मुख्यमंत्री को भी विधायक द्वारा सादर आमंत्रित के लिए कहा गया साथ में पूर्व विधायिका श्रीमती ममता चंद्राकर को भी लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं राम कथा में सादर आमंत्रित किया गया एवं लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं राम कथा में समस्त जिलेवासी, क्षेत्रवासी के साथ-साथ 10 गावों को भी सादर आमंत्रित किया जा रहा है एवं आप सभी के मनोरंजन के लिए रात्रि कार्यक्रम आयोजन किया गया है जिसमें रामलीला नृत्य आप सभी के लिए रखा गया है। वही ग्राम पंचायत कुंडा के सरपंच महेश्वर, छोटू साहू, एवं पंच रामकुमार चंद्राकर, पंच घनश्याम यादव, पंच नरेंद्र यादव एवं पंच प्रतिनिधि मुन्ना खान अनिल चंद्राकर,हरेंद्र चंद्राकर, प्रभु सिंगरौल, विनोद यादव एवं ग्राम पंचायत कुंडा जनप्रति निधि के साथ-साथ ग्रामवासियों ने भेंट मुलाकात कर सादर आमंत्रित किया गया।

युवा पीढ़ी को आगे लाने समाज का दायित्व : अध्यक्ष शिवप्रसाद गंधर्व

# गन्धर्व समाज ने किया होली मिलन व सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




नवयुवक गन्धर्व समाज जिला कबीरधाम द्वारा मां सरस्वती मंदिर जेवड़न कला में होली मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज सेवकों द्वारा सामाजिक स्तर पर चर्चा परिचर्चा कर समाज को आगे बढ़ाने के लिए 10 बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें सभी बिंदुओं पर सभी पदाधिकारी व सामाजिक जनों द्वारा सहमति जताई। समाज के सभी जनों द्वारा एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर व फाग गीत गाकर होली मिलन की बधाई व शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात जिसमें समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवीको को नवयुवकों द्वारा सामाजिक गौरव सम्मान पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के अतिथि गन्धर्व समाज प्रांतीय उपाध्यक्ष नारद गन्धर्व, जिलाध्यक्ष सेवक राम गंधर्व, जिला उपाध्यक्ष चंद्रकुमार गंधर्व, जिला सचिव रामनारायण गंधर्व व जिला पदाधिकारी गण कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम गंधर्व, लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष मोहन गन्धर्व, बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष मंशाराम गंधर्व पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष सुखराम गंधर्व व ब्लॉक पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से जिला नवयुवक बोर्ड का गठन किया किया गया। युवा पीढ़ी को आगे लाने के लिए समाज का दायित्व नवनियुक्त अध्यक्ष शिवप्रसाद दादु गंधर्व भागूटोला, उपाध्यक्ष गुलशन गन्धर्व, नावापारा लोहारा, सचिव रविंद्र राजा गन्धर्व, मंडलाटोला, सहसचिव राजा गन्धर्व, कोयलारी कला व कोषाध्यक्ष मुकेश गंधर्व, बारदी का चयन किया गया।

वही कार्यक्रम के दौरान समाज के नवयुवक रवि, अश्वंत, मेघराम, हेमंत, चंद्रकांत, डाकेश्वर, रजनीकांत, राजू, दिनेश, विनोद, सीताराम, मुकेश, भारत, शत्रुहान, पंकज, लक्ष्मण, मिथलेश, परमेश्वर, गणेश, सुरेश, बाबूराम, रामखिलावन, लालजी, बलदाऊ, खम्हन दास, कुम्भकरण, रामटहल, परषोत्तम, रामरतन, श्रीमती सुखबाई, सुखराम, सूरज, संतोष, शिवानंद सहित सैकड़ो सामाजिक लोग उपास्थित थें।

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

पर्व : सुबह से लेकर देरशाम तक रंग-गुलाल में डूबते रहे लोग, बच्चों में दिखा खासा उत्साह

# कवर्धा सहित अंचल में हर्षोल्लास से मनाया गया रंगों का पर्व होली

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

परम्परागत ढंग से बीते सोमवार को होलिका दहन के बाद दूसरे दिन रंगोत्सव का पर्व गुदगुदी भरी मस्ती के बीच नगर सहित समूचे अंचल में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से शाम तक समूचे शहर में रंग गुलाल घुलता रहा और लोग एक दूसरे को पर्व की बधाई देते हुए उसम डूबते रहे।

त्यौहार के मद्दे नजर पुलिस प्रशासन द्वारा की गई तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते शहर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटने की खबर नहीं मिली है। होली पर्व को लेकर वैसे तो सभी वर्ग के लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। वहीं त्योहार के पूर्व बोर्ड परिक्षाएं निपट जाने के कारण बड़े बच्चों ने होली का जमकर आनंद लिया। नगर के सभी मुहल्लों, चौक चौराहों, गली कूंचों में होलियारों के छोटे-बड़े अलमस्त जत्थे सबेरे से ही रंग, गुलाल और पिचकारियां लेकर निकल पड़े थे।

जान, पाहचान, दोस्त, यार, बंधु, बांधव को देखकर होली है, का तेज राग अलापते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल से सराबोर कर देते थे और गले लगाकर बधाई देते थे। ऐसे मेल मुलाकात के अवसर पर धमाल मचाने वाले बच्चे पिचकारी से रंगो की बौछार कर होली की मस्ती और दोगुनी कर देते थे। अधिकांश युवक इस मस्ती के मौके पर विभिन्न स्वांग रचकर अद्भुत टोपियों व अन्य चीजें पहनकर धमा चोकड़ी मचाते रहे। युवाओं की टोलियां नवीन बाजार चौक, शीतला मंदिर चौक, राजमहल चौक, वीरस्तम्भ चौक, आजाद चौक, महावीर चौक, ऋषभ देव चौक, इंदिरा चौक, ठाकुर पारा चौक, दर्री पारा चौक आदि स्थानों रपर सक्रिय रहीं और होली का छककर मजा ऊठाया। भांग की तरंग में डूबे युवकों के कई गुदगुदानें वाले दिलचस्प नजारे भी नगर में देखने को मिले। भांग, ठंडाई के अलावा कई लोग आनंद को दोगुना करने शराब भी चढ़ाये हुए थे। होलियारों की हुड़दंग शाम होने के पहले तक चलती रही। लाल, हरा, पीला रंग, पिचकारियों में भरकर बौछारें की जाती रही जबकि कई जगहों पर बालटियों और बर्तनो से रंग उड़ेले गए। इस बीच जहां भी बड़े बुजुर्गनजर आते वहां उन्हें रोक कर, पैर छूकर लोगों ने आशीर्वाद लिया। कई स्थानों में पिछले कुछ वर्षो से मनाई जाने वाली कपड़ा फाड़ होली की हुड़दंग भी देखने को मिली। स्थानीय लोहारा नाका में कपड़ा फाड़ होली घंटो तक चलती रही। इस बीच युवाओं की टोली एक दूसरे के कपड़े.फाड़ते और उन्हें हवा में उछालते हुए नजर आई। कपड़ा फाडन्ने के बाद युवक एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई देते दिखे। युवाओं की तर्ज पर कुछ बच्चे भी उनका अनुशरण करते रहे। हालांकि दूसरे तीज त्यौहारों की तरह महिलाओं ने खुलकर होली नहीं खेली। लेकिन चूल्हा, चौंका का काम निपटाने के बाद आसप-पड़ोस के घरों में पहुंचकर एक दूसरे के ऊपर रंग गुलाल उड़ेलकर वे आनंदित होती रहीं।

## ढोल, नगाड़ों में झूमे होलियारे



हर वर्ग की युवतियों और लड़कियों ने भी होलियारिन बनकर रंग गुलाल का भरपूर लुफ्त उठाया। अधिकांश होलियारों और होलियारिनों के चेहरे रंग गुलाल से पुते होने के कारण पहचाने जाने लायक नहीं थे। होली की इस मस्ती को दोगुना और धमाल मचाने कई स्थानों पर डीजे सांऊड, नगाड़ा, सीड़ी, तथा चौंगा लगाकर लोग रंग गुलाल से सराबोर होकर झूमते नाचते रहे और देर शाम तक मस्ती के आलम में डूबते रहे। कुल मिलाकर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## नगर में शांति व्यवस्था रही कायम

नगर में पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के चलते होली का त्योहार शांति पूर्ण ढंग से मनाया गया। पर्व के मौके पर कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली है। उल्लेखनीय है कि पुलिस प्रशासन द्वारा होली के मद्देनगर में नगर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नगर के प्रमुख मार्गो तथा संवेदनशील ईलाकों में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। इसके अलावा असामाजिक तत्वों पर नगर रखने के लिए पेट्रोलिंग पार्टी भी गठित की गई थी जो सुबह से लेकर रात तक नगर में क्रिय दिखी।



# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मनाई होली, नंगाड़े की थाप पर झूमते दिखे

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दो दिवसीय प्रवास पर होली मनाने कवर्धा पहुंचे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने क्षेत्रवासियों के साथ जमकर होली मनाई। इस दौरान उन्होंने ग्राम बिरकोना, लखनपुर, भरेली और गड़ईखुर्द में आयोजित होली मिलन समारोह में भी शामिल हुई और ग्रामीणों तथा भाजपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को होली बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके साथ रंग, गुलाल में सराबोर नजर आए। इसी कड़ी में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सोमवार को कवर्धा के गांधी मैदान में भजिया, मिठाई के साथ-साथ फॉग का आनंद लेते दिखाई दिए। स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित होली मिलन समारोह में सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट व जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने भी कार्यकर्ताओं व नगरवासियों के होली खेली। इस दौरान ग्रामीण अंचल से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने फाग में करे वादा ल निभाय, करे वादा ल निभाय फाग गा कर माहौल को और भी उत्साहित कर दिया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पूरा समय क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं के साथ बिताया। समारोह में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि होली मेरा प्रिय त्यौहार है। यह मन को ऊर्जा उत्साह देने वाला त्यौहार है। होली में सभी प्रकार के भेद मिट जाते हैं, छोटे, बड़े, बुजुर्ग सब मिलकर त्यौहार मनाते हैं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ट पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगर वासियों ने जमकर होली खेली और एक दूसरे को बधाई दी।

**खबर संक्षेप**

## विजय शर्मा व मधुसूदन भाजपा के स्टार प्रचारक





**कवर्धा।** होली के त्यौहार के बाद छत्तीसगढ़ में होने वाले लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा के बाद अब अपने स्टार प्रचारों की लिस्ट भी जारी कर दी है। जानकारी के मुताबिक इस लिस्ट में 40 दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं। जिसमें सबसे पहला नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। इसके साथ ही लिस्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा सहित भाजपा के अन्य नेताओं के शामिल है। भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची में राजनांदगांव लोकसभा से दो भाजपा नेताओं को शामिल किया है। जिसमें कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा पूर्व सांसद मधुसूदन यादव शामिल हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनो में इन स्टार प्रचारकों का धुंआधार दौरा क्षेत्र में देखने को मिल सकता है।

## सिंघनुपरी स्टाप डेम में मिला ग्रामीण शव

**कवर्धा।** जिले के सिंघनपुरी जंगल थाना क्षेत्र के स्टाप डेम में बीते सोमवार को एक ग्रामीण युवक का शव मिला है। प्रथम दृष्ट शव की स्थिति और परिस्थियों को देखते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों की सूचना पर सिंघनपुरी जंगल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का शव बरामद कर लिया है और अब आगे की कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को सिंघनपुरी थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब स्थानीय ग्रामीणों ने गांव के स्टाप डेम में एक युवक की शव तैरते हुए देखा। जिसकी सूचना उन्होने तत्काल पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव स्टाप डेम से निकलवाकर जप्त कर लिया है। वहीं बताया जा रहा है कि ग्रामीण के शरीर में कई जगह चोट के निशान है जिससे इस बात की आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या कर शव को स्टाप डेम फेंका गया है। वहीं जानकारी यह भी मिली है कि मृतक गत 18 मार्च से अपने घर से गायब था। बहरहाल पुलिस अब मामले की जांच में जुटी गई है।

# ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट का किया गया प्रथम रेण्डमाइजेशन

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि रहे उपस्थित



- लोक सभा चुनाव की तैयारियों में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे तथा राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की उपस्थित में लोकसभा निर्वाचन 2024 में उपयोग होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) से सम्बद्ध कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं व्हीव्हीपैट का बुधवार को जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में प्रथम स्तरीय रेण्डमाईजेशन किया गया।

इस अवसर पर निर्वाचन कार्य में विभिन्न गतिविधियों एवं प्रशिक्षण के लिए नियुक्त जिला नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, पंडरिया संदीप ठाकुर, लोहारा सुश्री आकांक्षा नायक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नभ वर्मा एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अधिकृत इंजिनियर्स द्वारा ईव्हीएम मशीन का प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) किया गया था। मशीनों की संख्या जिसमें बैलेट यूनिट (बीयू) 1394, कंट्रोल यूनिट 987, व्हीव्हीपैट 1154 है।

उक्त सूची के आधार पर ईव्हीएम मशीनों को अलग-अलग कर कबीरधाम जिले के क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया और 72 कवर्धा विधानसभावार मोबाईल एप्प के माध्यम से रखा जाएगा। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक पंडरिया के 393 मतदान केन्द्र के लिए 471 बैलेट यूनिट, 471 कंट्रोल यूनिट तथा 510 व्हीव्हीपैट को सुरक्षित रखा गया है। इसी प्रकार कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 411 मतदान केन्द्र के लिए 493 बैलेट यूनिट, 493 कंट्रोल यूनिट तथा 534 व्हीव्हीपैट मशीन को सुरक्षित रखा गया है। विधानसभा 71 पंडरिया के लिए बीयू-सीयू 20 प्रतिशत, वीटी 30 प्रतिशत आरक्षित रखा गया है और विधानसभा 72 कवर्धा के लिए बीयू-सीयू 20 प्रतिशत, वीटी 30 प्रतिशत आरक्षित रखा गया है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की दूसरे चरण 26 अप्रैल को होने वाले निर्वाचन के लिए मतदान का समय निर्धारित हो गया है। निर्धारित समय सारणी के अनुसार कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के लिए मतदान का समय प्रातः 07 बजे से शाम 06 बजे निर्धारित किया गया है।

# बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि के बाद अब गर्मी बढ़ा रही सब्जियों के भाव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पहले बेमौसम बारिश और अब लगातार बढ़ रही गर्मी ने सब्जी के दामों में उछाल ला दिया है माना जा रहा है रही सही कसर आने वाले दिनो में शादी ब्याह का सीजन पूरी कर देखा और लोगों के बार फिर हरी सब्जी के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

यहां बताना लाजिमी होगा कि हाल के दिनो में अंचल में हुई बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि से जहां रबि की सफल प्रभावित हुई है वहीं साग सब्जी को भी इससे काफी नुकसान हुआ है जिसका सीधा असर सब्जी के उत्पादन के साथ उसके दामों पर भी पड़ा है। वहीं अब मौसम साफ होने के बाद लगातार बढ़ रही गर्मी भी सब्जी भाजी की खेती पर भारी पड़ रही है। यहीं वजह है कि नगर के सब्जी बाजार में लोकल बाड़ी से सब्जी की आवक होने के बाद भी इनके दामों में तेजी देखी जा रही है। नगर के सब्जी बाजार से मिली जानकारी के अनुसार इन दिनो बाजार में करेला 60 रूपए, बरबट्टी 40 रूपए, बैंगन 40 रूपए, टिण्डा 80 रूपए, परवल 60 रूपए, भिण्डी 40 रूपए, कटहल 40 रूपए किलो, फूल गोभी 50 रूपए, चुटचुटिया 50 रूपए प्रति किलो के भाव से बिक रही है। वहीं एक माह पहले 5 रूपए किलो बिकने वाला टमाटर अब 15 रूपए किलो में बिक रहा है।

गर्मी में ठंडकता प्रदान करने वाले पत्तेदार सब्जियों की मांग इन दिनों अधिक है। बाड़ी तथा कछार में की जा रही खेती से बाजार में आने वाली पत्तेदार सब्जी हर वर्ग के लोगों द्वारा पसंद की जाती है। जिसमें चेंच भाजी के शौकीनों की संख्या अधिक है। हाथों हाथ बिकने वाली इस भाजी की कीमत अभी भी आसमान पर है। इसी तरह प्याज भाजी, चौलाई भाजी 5 रूपए जूड़ी, जरी भाजी 5 रूपए जुड़ी में बिक रही है जो काफी मंहगी है। नवीन बाजार के सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि, गर्मी के कारण सब्जी बाजार में उछाल आना शुरू हुआ है। स

थानीय आवक के कम होने पर इनकी कीमतें आसमान छूने लगेंगी। सब्जी बाजार की इस गर्मी को देखते हुए संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनो में पारा चढने तथा शादी ब्याह की सीजन प्रारंभ होने के साथ ही इनके भावों में भी और अधिक उछाल आ सकता है।

## स्कूली व आंगनबाड़ी के बच्चों ने खेली होली

हरिभूमि न्यूज ⏭बिजई

जिले के विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजई के आश्रित ग्राम टिकरीपारा में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला में रंगों का त्यौहार होली स्कूली बच्चों ने धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिसमें स्कूली बच्चों के साथ ही आंगनवाड़ी एवं बालवाड़ी के बच्चों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर बच्चों ने स्वयं से टोपी और मुखौटा बनाया होली के गीत गाकर आनंद और उत्सव मनाया। शिक्षकों ने बच्चों को होली त्यौहार के संबंध में जानकारी दी।

## होली पर्व को लेकर बच्चों में दिखा भारी उत्साह...



**कवर्धा।** ग्राम टिकरापारा पारा के स्कूली, आंगनबाड़ी तथा बालबाडी के बच्चों ने जमकर खेली होली।

परम्परा और प्रकृति से सजा होता है कि बैगा आदिवासियों का होली त्यौहार

# बैगा आदिवासी बाहुल्य इलाकों में तेरस तक मनेगी होली

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शहरी क्षेत्र में जहां होलिका दहन और रंगोत्सव के बाद दूसरे दिन की धमाचौकड़ी के बाद अब लगभग लोगों के सिर से होली का खुमार उतर चुका है और वे होली के रंग, गुलाल से बाहर निकलकर अपने रोजमर्रा के कामकाजों में जुट गए हैं। लेकिन जहां तक जिले के बैगा बाहुल्य ईलाकों की बाते की जाए तो यहां अभी भी होली मनाई जा रही है और बैगा आदिवासी अपनी परम्परा के अनुसार तेरस तक होली मनाने में जुटे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले के बैगा बाहुल्य गावों में 13 दिनों तक होली का खुमार रहता है। 13 दिनों की इस होली को ही यहां पर तेरस कहते है। वनांचल के संरक्षित बैगा आदिवासियों का त्यौहार सदियों से चली आ रही परम्परा के ओत-प्रोत ही होता है। बैगा आदिवासी रंगों का त्यौहार होली को अपने तरीके से मनाते है और आधुनिकता को भी अपनाते है। बैगा आदिवासी गुलाल के साथ-साथ प्राकृतिक पेड़-पौधों व फूल का उपयोग कर रंग बनाते है। भदोर बेला जो 12 महिने में मार्च के महिने में खिलता है जिसे बैगा आदिवासी केशव फूल बोलते है इस फूल के रंस को निकालकर तथा उसे सुखाकर पीला रंग बनाया जाता है। जबकि टेशु के फूलों को सुखाकर और उसे पीसकर बंदन रंग तैयार किया जाता है। बैगा आदिवासी इन दोनों रंग का उपयोग होली में प्रमुखता से करते हैं। होली के मौके पर शहर के बाजारों में एक से बढ़कर एक आधुनिक पिचकारी मिलती हैं लेकिन कई बैगा आदिवासी आज भी पारंपरिक ढंग से पिचकारी बनाकर एक दूसरे पर रंगो की बौछार करते हैं। इसके के लिए वे बांस का उपयोग करते हैं और काफी लम्बी पिचकारी बांस से बनाते हैं जिसमें एक बार में बड़ी मात्रा में रंग भरता है और काफी दूर तक रंग की बौछार करती है। होली के मौके पर आजकल शहरी क्षेत्रों में विशेष टी शर्ट व दूसरे परिधान भी बाजार में बिकने लगे हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि होली के लिए सिर्फ शहरी लोग की विशेष पोशाक का उपयोग करते हैं। बैगा आदिवासी भी होली पर एक विशेष पोशाक का उपयोग करते हैं जिसे सेमर खेपढ़ा कहते है। यह काफी हल्का व मुलायम होता है। पर यह पोशाक केवल युवतियों के लिए होता है। बैगा आदिवासी परम्परा के मुताबिक होलिका दहन के बाद फाल्गुन त्यौहार शुरू होता है। ढोलक व नगाड़ा बजाकर यह त्यौहार पूरे 13 दिनो यानि तेरस तक मनाया जाता है। इस दौरान बड़े व बुजुर्ग महुए के नशे में झुमते रहते है। इस उत्सव में पुरूषों के साथ बुजुर्ग महिलाएं भी शामिल होली है वहीं दूसरी ओर बच्चे प्राकृतिक रूप से तैयार किए गए रंगों होली का आनंद उठाते हैं। इन दिनो जिले के समूचे वनांचल में तेरस होली की धूम देखने को मिल रही है।



# राजपूत क्षत्रिय समाज के योगेश्वर दिलीप सिंह राजपुत बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राजपूत क्षत्रिय समाज पंजीयन क्रमांक 3738 कवर्धा परिक्षेत्र का निर्वाचन विगत दिनों संपन्न हुआ। जिसमें कवर्धा परिक्षेत्रीय अध्यक्ष के लिए योगेश्वर दिलीप सिंह राजपुत अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए।



नव निर्वाचित अध्यक्ष दिलीप सिंह राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए समाज हित में कार्य करने की बात कहीं। केन्द्रीय अध्यक्ष दारा सिंह राजपुत के अनुमोदन पर परिक्षेत्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद दिलीप सिंह ने अपनी कार्यकारिणी टीम की घोषणा भी की है। राजपूत क्षत्रिय समाज पंजीयन क्रमांक 3738 कवर्धा परिक्षेत्र के मीडिया प्रभारी अमन ठाकुर ने बताया कि परिक्षेत्रिय कार्यकारिणी टीम में संरक्षक जय सिंह ठाकुर, नरेश सिंह, रामसिंह, संतोष राजपुत, विजय सिंह है।

इसके साथ ही कवर्धा परिक्षेत्रीय अध्यक्ष योगेश्वर दिलीप सिंह राजपुत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामसिंह, उपाध्यक्ष यशवंत सिंह, विजय सिंह, किशोर सिंह, कोषाध्यक्ष रवि सिंह राजपुत, सचिव कुलेश्वर सिंह, सहसचिव, महेश सिंह, संगीत सिंह, प्रवक्ता होमेश सिंह, मनोज सिंह, प्रचार सचिव भूपेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी जीवेन्द्र सिंह अमन, प्रवीण सिंह शामिल है।

इसके साथ ही 07 सदस्यी न्याय मंडल टीम और 35 कार्यकारणीय सदस्य की घोषणा की है।